सत्य की उड़ान
# अलग पहचान
रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनीक

रांची, रविवार, 21 अप्रैल 2024, वर्ष 10, अंक 108 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया

# सचिन तेंदुलकर क्रिकेट के भगवान ने फुटबॉल को मारी किक

रांची। क्रिकेट के भगवान के रूप में सचिन तेंदुलकर महानगर मुंबई से रांची पहुंचे। सचिन सुबह ओरमांझी 3.30 तीन घंटे गुजारा। सुबह पत्नी के साथ रांची पहुंचे थे। सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे।ओरमांझी के मैदान में फुटबॉल के साथ कलाबाजी दिखाते रहे और छोटे-छोटे बच्चों के संग मैच खेला और प्रोत्साहित किया।







बच्चों के लिए भी प्रसन्नता का अवसर था, जिसे वह अखबार और टीवी में भी देखते थे। वह महान खिलाड़ी बच्चों के साथ खेल रहा था और सीखा रहा था।सचिन ने कहा कि बच्चों के अभिभावकों की जिम्मेदारी बनती है कि खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करें और खेल का अवसर प्रदान करें साथ ही सहयोग करें। बिना सहयोग के बच्चों में छिपी प्रतिभा नहीं निखर सकती है। संस्था में ही वे भोजन का मौका आया तो बच्चों के साथ वहां तैयार मडुआ की रोटी, साग, पनीर की सब्जी, दाल और चावल का आनंद लियासचिन तेंदुलकर ने कहा कि झारखंड के ग्रामीण इलाकों में कई प्रतिभाएं हैं, जो खेल के क्षेत्र में बेहतर करेंगे। उन्हें प्रोत्साहित और बढ़ावा देना चाहिए। रांची में सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और युवा संस्था के फ्रांज गेस्टलर के साथ मिलकर काम कर रही है। दोनों संस्था के समक्ष शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में बेहतर काम करने का लक्ष्य है।सचिन युवा संस्था के महिला फुटबॉलर के संग समय भी व्यतीत किया। उन्हें फिटनेस जुड़े कई राज भी बताएं। इस दौरान एक महिला फुटबॉलर के जन्मदिन पर केक भी काटा। खिलाड़ियों ने कई सवाल जवाब भी किए, जिनका जवाब सचिन ने बखूबी दिया। युवा संस्था में करीब दो घंटे तक अपना समय दिया। इस दौरान उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर भी काफी उत्साहित नजर आई। उन्होंने युवा फुटबॉलरों के संग बात कर उनका अनुभव भी साझा साक्षा किया।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामले में सद्दाम हुसैन को न्यायिक हिरासत में भेजा ईडी ने





रांची। जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी सद्दाम हुसैन को 12 दिनों तक रिमांड पर पूछताछ के बाद ईडी ने शनिवार को रांची स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में प्रस्तुत किया। अदालत के आदेश पर ईडी ने सद्दाम हुसैन को न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में भेज दिया है।सद्दाम हुसैन गत वर्ष 14 अप्रैल 2023 को सेना के उपयोग वाली भूमि की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में गिरफ्तार हुआ था। उसके बाद से ही वह जेल में था। उस वक्त बड़गाईं अंचल का तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद भी पकड़ा गया था, जिसके आवास से भारी मात्रा में सरकारी दस्तावेज मिले थे।बड़गाईं अंचलाधिकारी के बयान पर भानु प्रताप प्रसाद के विरुद्ध एक जून 2023 को सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।
ईडी ने रांची के सदर थाने में भानु प्रताप प्रसाद के विरुद्ध दर्ज कांड में ईसीआइआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच की तो पाया कि बरियातू की 8.86 एकड़ भुइहरी प्रकृति की भूमि को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हड़पने की कोशिश की।पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया। हेमंत सोरेन के बाद पहले से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, जमीन कारोबारी सद्दाम हुसैन, अफसर अली को इस केस में भी ईडी ने गिरफ्तार किया।
सद्दाम हुसैन को इस केस में नौ अप्रैल को ईडी ने गिरफ्तार दिखाते हुए रिमांड पर लिया था, जिससे 12 दिनों तक पूछताछ हुई है।12 दिनों तक पूछताछ के दौरान सद्दाम ने ईडी को बताया है कि हेमंत सोरेन के कब्जे वाली 8.86 एकड़ जमीन के दो प्लाट का जाली दस्तावेज उसने अपने सहयोगी अफसर अली, झामुमो नेता अंतु तिर्की, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय आदि के साथ मिलकर तैयार किया।
इसमें रुपयों के लेन-देन भी हुए और सद्दाम ने किसको कितनी राशि का भुगतान किया, इसके बारे में भी ईडी को जानकारी मिल गई है।
अब ईडी एक-एक कर सबको समन करेगी और पूछताछ के लिए बुलाएगी।वर्तमान में ईडी की रिमांड पर पांच अन्य आरोपित हैं, जिनसे 22 अप्रैल तक पूछताछ होनी है। इन आरोपितों में झामुमो नेता अंतु

## हमारा उद्देश्य तानाशाही को समाप्त करना है', मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन




**ब्यूरो,** रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उलगुलान रैली की तैयारियों का जायजा लेने के बाद शनिवार के दोपहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य इस देश से तानाशाही को समाप्त करना है। आप लोगों ने देखा है कि कैसे लोकतंत्र पर हमले किए जा रहे हैं।जिसके नाम पर हम लोगों ने सरकार बनाई है उसे साजिश के तहत फंसाकर जेल भेज दिया गया है। ऐसा ही कांड नई दिल्ली की सरकार के साथ भी हुआ है। इस रैली का मकसद देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करना भी है।पहले दिल्ली में सरकार को गलत तरीके से हटाया गया। झारखंड में भी ऐसे ही प्रयासों को देखकर झामुमो को नेतृत्व में परिवर्तन का निर्णय लेना पड़ा। जरा सोचिए, जिस चेहरे को दिखाकर हमें बहुमत मिली वही सलाखों के पीछे धकेल दिया गया है।

### जब भी झारखंड की जनता का शोषण हुआ है, उलगुलान हुआ है : बसंत

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई और झारखंड कैबिनेट में मंत्री बसंत सोरेन ने शनिवार को उलगुलान रैली को लेकर प्रभात तारा स्कूल के मैदान में तैयारियों का जायजा लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब-जब झारखंड की जनता का शोषण हुआ है, यहां उलगुलान हुआ है।
उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई कि कुछ लोगों को उलगुलान नाम पर विरोध है और कहा कि जब-जब झारखंड की जनता के साथ शोषण हुआ है, तब-तब उलगुलान हुआ है। झामुमो माटी की पार्टी है। हमारी नाभि इसी जमीन से जुड़ी है। झारखंड का इतिहास ऐसी घटनाओं से भरा हुआ है।

## 400 पार की बात करते हैं, तो कांग्रेस के पेट में दर्द होता है : अमित शाह



**मथुरा।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में वृंदावन के प्रियाकांत जू मंदिर के पास वृंदावन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर तारीफ करते हुए भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। इसके साथ तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। वहीं, अमित शाह कार्यक्रम में पहुंचे ही थे तभी अचानक बाएं तरफ टेंट में लाइट के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आनन-फानन में पुलिस कर्मियों ने तत्काल आग को बुझाया। जब आग लगी तो हेमा मालिनी मंच पर भाषण दे रही थीं।
केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हेमामालिनी की चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक ओर गरीब के घर में पैदा हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं तो दूसरी ओर चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए राहुल गांधी बाबा हैं। राहुल गांधी जहां थाइलैन्ड में छुट्टिया मनाते हैं। वहीं प्रधानमंत्री मोदी दीपावली तक में छुट्टियां नहीं लेते हैं। जनता को इन दोनों के बीच में तय करना है किंतु जनता ने स्पष्ट तौर से अपना मन कांग्रेस और सपा का सूपडा साफ करने का बना लिया है। पहले चरण का मतदान हो चुका है, पहले चरण में कांग्रेस का सूपडा साफ हो चुका है। दूसरे चरण में भी इस यात्रा को जारी रखते हुए, वृंदावन से काशी तक कमल को विजयी बनाना है। 70 वर्षों तक कांग्रेस ने अयोध्या के राम मंदिर को लटकाए रखा। पीएम मोदी ने 5 वर्षों में ही राम मंदिर का केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा भी की। कांग्रेस और सपा को प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया, लेकिन वोट बैंक के लालच में ये नहीं गए।गृहमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने देश को समृद्ध किया है। देश के अर्थतंत्र को 11वें नंबर से 5वें नंबर पर लाने का काम किया है। नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दो तो भारत दुनिया का तीसरे नंबर का सबसे बडा अर्थतंत्र बन जाएगा। ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह वो नेता थे। जिन्होंने किसानों की भूमि को सुरक्षित करने का काम किया। चौधरी साहब ने कांग्रेस, किसानों की भूमि बचाने के लिए छोडी थी। कांग्रेस ने इतने सालों तक उन्हें 'भारत रत्न' नहीं दिया। चौधरी चरण सिंह को 'भारत रत्न' देने का काम पीएम मोदी ने किया है।2017 के बाद पश्चिमी यूपी से गुंडों का पलायन हो रहा

### अमित शाह ने आगे कहा कि

2014 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पलायन हो रहा था। सपा के गुंडे लोगों को परेशान कर रहे थे। लोग यूपी छोड कर जा रहे थे। 2017 में आपने भाजपा सरकार बनाई, सीएम योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था को ठीक किया, जिसके बाद लोगों ने नहीं, गुंडों ने पलायन किया।कांग्रेस देश में झूठ फैला रही
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम 400 पार की बात करते हैं, तो कांग्रेस के पेट में दर्द होता है। ये देश में झूठ फैला रहे हैं कि अगर भाजपा को 400 सीटें मिल गईं, तो ये आरक्षण खत्म कर देंगे। ये झूठों के सरदार हैं। कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी है।

### सभा में ये रहे मंचासीन

सभा में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बृज क्षेत्र प्रभारी संतोष सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष रालोद जयंत चौधरी, मथुरा जिला प्रभारी अशोक कटारिया, सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे, लोकसभा प्रभारी श्याम भदौरिया, विधायक श्रीकांत शर्मा, राजेश चौधरी, मेघश्याम सिंह, पूरन प्रकाश, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह, भुवन भूषण कमल, क्षेत्रीय महामंत्री नगेंद्र सिकरवार, डॉ देवेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे। जनसभा का संचालन महामंत्री सुनील चतुर्वेदी एवं देवेश पाठक ने किया।

## चाईबासा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है



**संवाददाता**, चाईबासा। लोकसभा चुनाव से पूर्व चाईबासा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कई सालों से आतंक मचाने वाले प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर सोगा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम को दो एके 47 हथियार के साथ गिरफ्तार किया हैपुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि गोईलकेरा के जंगल पहाडी क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर सोगा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम के अपने दस्ता के कुछ सदस्यों के साथ भ्रमणशील होने एवं गोईलकेरा ,आनन्दपुर थाना क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों बंद कराने तथा संवेदकों से लेवी मांग करने की सूचना प्राप्त हुई थी।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम में सेट 57 के सशस्त्र बलों को शामिल किया गया। शुक्रवार को गठित टीम द्वारा गोईलकरा थाना क्षेत्र के चिटिर पहाड़ी क्षेत्र के आस-पास में अभियान किया गया। इस दौरान प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर सोमा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम एवं एक साथी सदस्य बिरसा खण्डाइत को सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया।एसपी ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त के पास से दो AK-47 राईफल, तीन AK-47 मैगजीन, AK-47 की गोली 83 राउंड, पचास हजार रुपये नगद, लेवी का रसीद, 3.15 बोर गोली 30 राउंड, एक बाइक, 6 मोबाईल फोन समेत अन्य बरामद किया गया। एरिया कमांडर के विरुद्ध गोईलकेरा ,आनन्दपुर, बंदगांव समेत अन्य थानों में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। उनके सहयोगी बिरसा के विरुद्ध विभिन्न थानों में चार से पांच मामले दर्ज है।
पीएलएफआई कमांडर के गिरफ्तारी के बाद उसे क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय पीएलएफआई सदस्यों को वहां से भागना ही उचित होगा। क्योंकि सुरक्षा बलों के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिससे या तो वह आत्मसमर्पण कर दें या पकड़े जाएंगे। चाईबासा पुलिस और सुरक्षा बलों के द्वारा नक्सली और पीएलएफआई के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।एसडीओ बेरमो ने नावाडीह के धतकीबेड़ा गांव में की छापेमारी,भारी मात्रा में अवैध भंडारित कोयला किया

## इंडी गठबंधन की बैठक, नहीं जाएंगी ममता



**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के बीच विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन की बैठक रांची में होने जा रही है। इसमें भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नहीं जाएंगी। रांची में सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की ओर से बैठक का आयोजन किया गया है।
इस बैठक के लिए देश के सभी विपक्षी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। बंगाल की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल को भी न्योता दिया गया है। खासतौर पर ममता बनर्जी को बुलावा भेजा गया है लेकिन पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि सभी बड़े नेता चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधि के तौर पर जोड़ासांको के तृणमूल विधायक विवेक गुप्ता को पार्टी प्रतिनिधि के रूप में भेजने का निर्णय लिया गया है।
तृणमूल ने शनिवार को जानकारी दी है कि वह रविवार को रांची में होने वाली बैठक में पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। लोकसभा चुनाव के बीच यह गठबंधन की बैठक हो रही है। इससे पहले विपक्षी दलों के गठबंधन की आखिरी बैठक 31 मार्च को दिल्ली में हुई थी। उस समय तृणमूल के राज्यसभा नेता डेरेक ओ ब्रायन ने उस बैठक में तृणमूल का प्रतिनिधित्व किया था।

## दिल्ली में रविवार को इन रास्तों पर जानें से बचें

**संवाददाता,नई दिल्ली।** भारत मंडपम में रविवार को भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या मे लोगों के एकत्र होने की उम्मीद हैं। जिसके चलते भारत मंडपम के आसपास की सड़कों पर जाम की स्थिति बन सकती है। इसको देखते हुए दिल्ली यातायात पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है।प्रगति मैदान के आसपास सुचारु यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए है।भैरों मार्ग पर किसी भी वाहन को कहीं भी रुकने या पार्क करने की अनुमति नहीं होगी। जनता के लिए सामान्य प्रवेश की अनुमति नहीं है।
- उपरोक्त सड़कों पर पार्क किए गए वाहनों को हटा दिया जाएगा और चालानी कार्यवाही की जाएगी। टो किये गए वाहनों को भेरो मंदिर, भैरो मार्ग के सामने ट्रैफिक पिट में पार्क किया जाएगा।

आवश्यकता होने पर ये होंगे डायवर्जन पाइंट
- पुराना किला रोड-मथुरा रोड क्रासिंग शेरशाह रोड-मथुरा रोड क्रासिंग
- डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग-सुब्रमण्यम भारती मार्ग क्रासिंग
- पंडारा रोड-सुब्रमण्यम भारती मार्ग क्रासिंग
- क्यू-प्वाइंट

इन मार्गों पर जाने से बचें
- भैरों मार्ग

पुराना किला रोड
- मथुरा रोड डब्ल्यू-प्वाइंट से भैरों रोड क्रॉसिंग तक

यातायात पुलिस ने इन मार्गों पर जाने से बचने और अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने की अपील की है। साथ ही आईएसबीटी, रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डों की ओर जाने वाले वाहन चालकों को पर्याप्त समय रखते हुए यात्रा की योजना बनाने की

## चिंताजनक:* साल 2024 जलवायु रिकॉर्ड का सबसे गर्म साल होने की आशंका, समुद्र भी सुरक्षित नहीं।

मौसम वैज्ञानिकों ने इस बात की 55% आशंका जताई है कि 2024 जलवायु रिकॉर्ड का सबसे गर्म साल होगा। इतना ही नहीं उन्होंने इस वर्ष को पांच सबसे गर्म वर्षों में शुमार होने की 99% संभावना जताई है। यह दावा नेशनल ओशनिक एंड एटमोस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के नेशनल सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल इन्फॉर्मेशन की ताजा रिपोर्ट में किया गया है।
रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में औसत तापमान 20वीं सदी में मार्च के औसत तापमान से 1.35 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। यह लगातार 48वां मार्च है जब तापमान बीसवीं सदी के औसत तापमान से ज्यादा था। ऐसा नहीं है कि बढते तापमान का असर केवल धरती तक ही सीमित था, इसका प्रभाव समुद्रों पर भी दर्ज किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2024 के दौरान अधिकांश क्षेत्रों में समुद्र की सतह का तापमान औसत से ऊपर था। समुद्र का औसत तापमान सामान्य से 1.01 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। इससे पहले 2016 में समुद्र की सतह का तापमान सबसे ज्यादा 0.83 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2024 में अफ्रीका, यूरोप और दक्षिण अमेरिका के अधिकांश हिस्सों के साथ-साथ पूर्वी उत्तरी अमेरिका, पूर्वी एशिया और पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में तापमान औसत से ऊपर रहा। वहीं पश्चिमी उत्तरी अमेरिका, मध्य एशिया और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के कुछ हिस्से औसत से कहीं ज्यादा ठंडे थे। अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका ने जहां अब तक के अपने सबसे गर्म मार्च का सामना किया, जबकि यूरोप के लिए यह दूसरा सबसे गर्म मार्च था।

अलग पहचान



# बच्चों के साथ मस्ती करते दिखे क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, कहा- ये हमारे लिये यादगार दिन



**रांची।** दिग्गज क्रिकेटरों में शुमार सचिन तेंदुलकर शनिवार सुबह अपने फाउंडेशन के कार्यक्रम में शामिल होने रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उतरने के बाद वह सीधा रेडिशन ब्लू होटल गये। होटल में कुछ देर रुकने के बाद उन्होंने ओरमांझी में आयोजित सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां वह ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों के साथ खेलते नजर आये। कार्यक्रम के बाद सचिन ने इसे यादगार दिन करार दिया है। इस दौरान उन्होंने बच्चियों के साथ खूब मस्ती की। उनके साथ उनकी पत्नी अंजली भी थीं। वह भी सचिन तेंदुलकर के साथ मस्ती करते दिखीं। इस दौरान कभी वह बच्चियों को गोद में उठा कर उनके साथ खेलते दिखी, तो कभी उनके साथ तस्वीरें लेते। बच्चियां भी उनके साथ मस्ती के रंग में दिखीं। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोग सचिन तेंदुलकर के साथ तस्वीरें लेने को बेताब दिखे।

सचिन और उसकी पत्नी ने नहीं किया किसी को निराश

सचिन और उनकी पत्नी ने भी किसी को निराश नहीं किया और सभी के साथ एक ग्रुप फोटो ली। इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। लोगों की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही थी। कार्यक्रम के बाद सचिन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ये हमारे लिए यादगार दिन रहा। मेरे साथ मेरी पत्नी अंजली के अलावा हमारी पूरी टीम थी। सभी लोग युवा फाउंडेशन की टीम के साथ समय बीताने आये थे। उन्होंने अपने फाउंडेशन के बारे में जानकारी देते हुए आगे कहा कि हमारा फाउंडेशन तीन क्षेत्रों शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य पर काम करता है। इसी से हम अपने देश के भविष्य को आकार दे सकते हैं। बता दें कि सचिन के इस तरह से रांची आने का मकसद यहां की महिला खिलाडियों का हौसला बढाना है।गौरतलब है कि बीते साल इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने सचिन तेंदुलकर को राष्ट्रीय आइकॉन नियुक्ति किया था। दरअसल चुनाव आयोग का उन्हें राष्ट्रीय आइकॉन बनाने का मकसद लोगों की चुनाव में भागीदारी बढानी है। सचिन का चुनाव आयोग के साथ ये समझौता तीन साल के लिए है। इससे पहले जब वह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे तो उनका जोरदार स्वागत किया गया। उनकी एक झलक पाने के लिए उनके फैंस बेताब दिखे।

# मुख्य आरोपित राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शनिवार को जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व शुक्रवार को अदालत ने मामले के एक अन्य आरोपित डब्लू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

मामले में दोनों पर आरोप है कि राहुल कुजूर और डब्लू कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शूटरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। हत्याकांड को लेकर एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 10 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के दर्ज कराई गई थी।

मामले के सभी आरोपित जेल में है। इनपर कोर्ट में 22 अप्रैल को आरोप गठित होना है। इस मामले में भी डब्लू कुजूर, सुशीला कुजूर और राहुल कुजूर सहित कई आरोपित के खिलाफ

# लॉन्च किया गया रांची वोटर्स ऐंथम

**वीमेंस कॉलेज, रांची में आयोजित मतदान जागरुकता कार्यशाला में लॉन्च किया गया ऐंथम**

**कोई कसर नहीं छोडना चाहते - श्री राहुल कुमार सिन्हा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी**

**इस बार चुनाव में मिसाल कायम करें- जिला निर्वाचन पदाधिकारी**

**छात्राओं के चुनाव प्रक्रिया से संबंधित ज्ञान से प्रभावित हुए पदाधिकारी, मिला उपहार**

**वीमेंस कॉलेज के सभी पात्र व्यक्ति एवं छात्राओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज**

**कलाकारों की टीम ने दिया मतदाता जागरुकता का संदेश**

**वोट करेगा रांची... जमके**
**वोट करेगा रांची**
**वोट करेगा रांची... दम से**
**वोट करेगा रांची**



**रांची।रांची** वीमेंस कॉलेज का राम रांची।सभागार... वोट करेगा रांची की आवाज से गूंज रहा था और कॉलेज की छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था... मौका था, रांची वोटर्स ऐंथम की लॉन्चिंग का। थ्री टू वन की काउंटिंग के साथ मतदाता जागरुकता कार्यशाला मं ऐंथम की लॉन्चिंग हुई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप-सह-उपविकास आयुक्त, रांची श्री दिनेश यादव, वीमेंस कॉलेज की प्रिंसिपल, प्रोफेसर, कॉलेज की छात्राएं एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।

**कोई कसर नहीं छोडना चाहते - श्री राहुल कुमार सिन्हा**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि मतदाताओं को जागरुक करने और शहरी क्षेत्र में बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए हम कोई कसर नहीं छोडना चाहते। उन्होंने कहा कि जिला की स्वीप टीम की ओर से मतदाताओं को जागरुक करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। श्री राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि रांची के मतदाता एक वोट के महत्व को समझें, खुद भी वोट करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान केन्द्र लेकर आयें। उन्होंने एक बार फिर से रांचीवासियों से अपील करते हुए कहा कि अब भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। 25 अप्रैल 2024 तक बीएलओ एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से फॉर्म-6 भरकर आवेदन दिया जा सकता है।

इस बार चुनाव में मिसाल कायम करें- जिला निर्वाचन पदाधिकारी

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री राहुल कुमार सिन्हा कॉलेज की छात्रओं का उत्साह देखकर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि आप एक कदम आप चलें, हम दो कदम चलेंगे। वोटरों से 25 मई 2024 को अच्छी तादात में अपने-अपने घरों से निकल वोट करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में इस बार मिसाल कायम करें।

छात्राओं के चुनाव प्रक्रिया से संबंधित ज्ञान से प्रभावित हुए पदाधिकारी, मिला उपहार

कार्यक्रम के दौरान वीमेंस कॉलेज की छात्रओं से नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त श्री दिनेश कुमार यादव ने चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सवाल भी पूछे। हर बार सवालों के जवाब जानने वाली छात्राओं की संख्या देखकर आला अधिकारी काफी प्रभावित हुए। सही जवाब देने वाली कई छात्रओं को उपहार भी दिया गया।

वीमेंस कॉलेज के सभी पात्र व्यक्ति एवं छात्राओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज

वीमेंस कॉलेज के सभी पात्र व्यक्ति एवं छात्राओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर हो गया है। इस संबंध में कॉलेज की प्राचार्या ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री राहुल कुमार सिन्हा को घोषणा पत्र सौंपा। प्राचार्या ने बताया कि उनके कॉलेज में कार्यरत एवं अध्ययनरत सभी पात्र व्यक्तियों एवं छात्राओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर लियाा गया है। श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा इस पर खुशी जाहिर की गयी। उन्होंने कहा कि इसमें संबंधित बीएलओ का रोल महत्वपूर्ण रहा और भी शिक्षण संस्थानों में ऐसा किया जायेगा।

कलाकारों की टीम ने दिया मतदाता जागरुकता का संदेश

कार्यक्रम के दौरान नुक्कड नाटक प्रस्तुत कर कलाकारों द्वारा भयमुक्त एवं बिना प्रभावित हुए मताधिकार के इस्तेमाल का संदेश दिया गया। कलाकरों से अपनी प्रस्तुति से बताया कि मतदान स्वस्थ एवं स्वच्छ लोकतंत्र के निर्माण में अति महत्वपूर्ण है एवं वोटिंग डे पर मतदान अवश्य करें।

आपको बतायें कि रांची वोटर्स ऐंथम को जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री राहुल सिन्हा एवं नोडल ऑफिसर स्वीप सह उपविकास आयुक्त श्री दिनेश यादव के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। आवाज नेहा कौर एवं पार्थ गांधी की है जबकि क्रिएटिव डॉयरेक्शन शादाब हसन ने किया है।

# विश्वविद्यालय और महाविद्यालय प्रशासन की गलती का खामियाजा भुगत रहे हैं छात्र छात्राएंः आजसू

**महाविद्यालय** एवं विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही केमिस्ट्री की जगह पढ़ाया एनवायरमेंटल साइंस छात्र-छात्राओं का भविष्य मुश्किल में: विशाल कुमार यादव

बायोटेक्नोलॉजी केछात्र-छात्राओं की समस्या का करे समाधान नहीं तो आजसू करेगी आंदोलनः विशाल कुमार यादव।



रांची। आज दिन शनिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल कुमार यादव के नेतृत्व में

मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मनोज कुमार से मुलाकात कर उन्हें बायोटेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं की समस्या से अवगत कराया।

मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल कुमार यादव ने मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मनोज कुमार छात्र-छात्राओं की समस्या से संबंधित मांग पत्र सौंपते हुए कहां के महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के लापरवाही के कारण बायोटेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है जब इन छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में एडमिशन लिया था उसे समय महाविद्यालय ऑटोनॉमस था परंतु 2022 में महाविद्यालय का ऑटोनॉमी वापस लेकर इसे रांची विश्वविद्यालय के अधीन कर दिया गया 2024 में पुनः महाविद्यालय को ऑटोनॉमी वापस दिया गया।

ऑटोनॉमी के सिलेबस के अनुसार छात्र-छात्राओं को केमिस्ट्री का पेपर पढ़ना था वही विश्वविद्यालय के सिलेबस में एनवायरमेंटल स्टडीज पढ़ना था।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सेमेस्टर 4 की परीक्षा में एनवायरमेंटल स्टडीज पढ़ा कर उसे पेपर की परीक्षा ले ली।

जबकि बायोटेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राएं कह रहे हैं की बायोटेक्नोलॉजी विषय में एक पेपर केमिस्ट्री का कंपलसरी है, इसे पढ़े बिना वह आगे पीजी की पढ़ाई के लिए एलिजिबल नहीं होंगे।

ऐसे में महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र-छात्राओं के हित में केमिस्ट्री पेपर की परीक्षा का आयोजन करवाए।

मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मनोज कुमार ने कहा की विश्वविद्यालय कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक से बात कर छात्र छात्रों के हित में केमिस्ट्री विषय की परीक्षा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

वही मौके पर मौजूद विशाल कुमार यादव ने कहा की अगर जल्द ही मांग पूरा नहीं किया गया तो छात्र आजसू आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# रांची जिला के स्कूलों के समय सारणी में बदलाव



अत्याधिक गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए समय सारणी में बदलाव

सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी विद्यालयों के समय सारणी में बदलाव

वर्ग KG से वर्ग 08 की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक होंगी संचालित

वर्ग 09 से उपर की कक्षाएँ सुबह 07:00 बजे से 12:00 मध्याह्न तक होंगी संचालित

धूप में संचालित नहीं की जायेंगी प्रार्थना सभा, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां

मध्याह्न भोजन का संचालन जारी रहेगा

आदेश दिनांक 22.04.2024 से अगले आदेश तक लागू

रांची।अत्याधिक गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा स्कूलों के समय सारणी में बदलाव का आदेश दिया गया है। इस आलोक में उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी विद्यालयों में वर्ग KG से कक्षा आठ की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक एवं वर्ग 09 से उपर की कक्षाएँ सुबह 07:00 बजे से 12:00 मध्याह्न तक संचालित करने का निदेश दिया गया है।

इस अवधि में प्रार्थना सभा, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जायेंगी जबकि मध्याह्न भोजन का संचालन जारी रहेगा। यह आदेश आदेश दिनांक 22.04.2024 से अगले आदेश तक लागू रहेगा।

झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, राँची द्वारा आयोजित बी०एड०/एम०एड०/बी०पी०एड०/एम०पी०एड० संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा परीक्षा-2024 दिनांक 21.04.2024 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से 12:30 बजे अपराह्न तक विभिन्न 38 परीक्षा केन्द्रों पर होना है। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, राँची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। फिर भी ऐसी आशंका है कि परीक्षा में संलग्न छात्र, उनके अभिभावक अथवा असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आलोक में अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, राँची द्वारा धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है, जो निम्न है :-

1- पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों तथा सरकारी कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर)।

2- किसी प्रकार का विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना।

3- किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर)।

4- किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर चलना। (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/ कर्मचारियों को छोड़कर)

5- किसी प्रकार की बैठक या आमसभा का आयोजन करना।

यह निषेधाज्ञा दिनांक 21.04.2024 के प्रातः 07:30 बजे से अपराह्न 02:30 बजे तक प्रभावी रहेगा।

# रांची पुलिस ने ड्रग की सप्लाई करनेवाले गिरोह का किया पर्दाफाश, सरगना समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

## 20500 रुपये नगद, 1.56 ग्राम ब्राउन सुगर समेत अन्य सामान बरामद




**रांची** : रांची पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करनेवाले सरगना समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है. उनके कब्जे से एक बाइक (JH01 DX 4610), 1.56 ग्राम ब्राउन सुगर, 20500 नगद समेत अन्य समान जब्त किये हैं. पुलिस को अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े होने को जानकारी मिली है. गिरफ्तार आरोपियों में सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के आनंदपुरी निवासी मुकेश राय, विद्यानगर निवासी मुकेश तिर्की और रंजन कुमार सिंह के नाम शामिल हैं. मूलरूप से बिहार के वैशाली जिले के हरशिवनागर के रहनेवाला मुकेश राय सरगना है. वह बिहार के सासाराम से ब्राउन सुगर मंगवाता था. इसके बाद घूम घूम कर ब्राउन सुगर बेचता था. उसकी एक किराना की दुकान है, उस दुकान में भी बेचता था. अंजान लोगों को मुकेश राय ब्राउन सुगर नहीं बेचता था. पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर में बड़ा पुल के पास कुछ लोग प्रतिबंधित नशीला पदार्थ का अवैध रूप से खरीद बिक्री कर रहे हैं।

छापामारी टीम ने मौके पर पहुंच तीनों को पकड़ा. मुकेश राय के पास में सिल्वर फ़ाइल में लपेटा हुआ 5 पुड़िया ब्राउन सुगर, मोबाईल तथा बाइक (JH01 DX 4610), मुकेश तिर्की के पास से सिल्वर फ़ाइल में लपेटा हुआ 10 पुड़िया ब्राउन सुगर एवं 20500 रुपया और रंजन कुमार सिंह के पास से सिल्वर फ़ाइल में लपेटा हुआ 5 पुडिया ब्राउन सुगर बरामद किया गया. इस संबंध में सुखदेवनगर थाना (कांड संख्या 206/24) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया. मुकेश राय, मुकेश तिर्की ओर रंजन सिंह पहले भी एनडीपीएस मामले में जेल जा चुके हैं. रंजन कुमार सिंह को एटीएस ने भी गिरफ्तार किया था।

# यूपी बोर्ड 10वीं में 89.55%, 12वीं में 82.60% पास, CM योगी ने दी बधाई*




**रांची।यूपी** बोर्ड 10वीं और 12वीं के 52 लाख से ज्यादा छात्रों का रिजल्ट जारी कर दिया है. 10वीं क्लास में 89.55% छात्र पास हुए हैं, इनमें 93.40% लड़कियां और 86.05% लड़के शामिल हैं. हाईस्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने 98.50% अंकों के साथ टॉप किया है. वहीं अगर 12वीं बोर्ड रिजल्ट की बात करें तो इंटर बोर्ड का ओवरऑल पास प्रतिशत 82.60% रहा है, जिसमें 88.42% लड़कियां और 77.78% लड़के शामिल हैं. 12वीं सीतापुर के रहने वाले शुभम वर्मा ने 97.80% के साथ टॉप किया है.

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (UPMSP), प्रयागराज मुख्यालय से निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) एवं यूपी बोर्ड के अध्यक्ष महेंद्र देव एवं सचिव दिब्यकांत शुक्ला प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये नतीजे (UP Board Result) घोषित किए. यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बोर्ड परीक्षा में पास हुए छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों और गुरुजनों को बधाई दी है.।

# झारखंड सचिवालय सेवा संघ भविष्य में एक बडे आंदोलन करने को बाध्य होगा



**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ की कार्यकारिणी की आपात बैठक ध्रुव प्रसाद की अध्यक्षता में नेपाल हाउस सचिवालय में हुई। कार्मिक विभाग द्वारा सचिवालय सेवा के उपसचिव और संयुक्त सचिव के पद सृजन की संचिका प्रशासी पदवर्ग समिति से वापस मांगे जाने और विभिन्न पदों की कटौती का प्रस्ताव लाने के विरुद्ध यह बैठक आहूत की गयी थी। ध्रुव प्रसाद ने बताया कि बैठक में कार्मिक विभाग द्वारा तर्कहीन और मनमाने तरीके से पदों की कटौती संबंधी प्रस्ताव पर आपत्ति जतायी गयी। निर्णय लिया गया कि यदि सरकार पद सृजन के मामले में सकारात्मक पहल नहीं करती है और पदों में कटौती के प्रस्ताव को तत्काल वापस नहीं लेती है, तो झारखंड सचिवालय सेवा संघ भविष्य में एक बडे आंदोलन करने को बाध्य होगा।

अलग पहचान



# इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग की हालात खराब, स्कूल के 19 बच्चे निकले टॉपर, 2 स्थायी शिक्षक चला रहे स्कूल

**रांची** ॥ इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हजारीबाग की छात्राओं ने जैक मैट्रिक परीक्षा 2024 में शानदार सफलता हासिल की है. राज्य के टॉप टेन में शामिल 44 अभ्यर्थियों में से 19 इसी स्कूल के छात्र हैं. प्रदेश की टॉप थ्री में शामिल चारों लड़कियां इसी स्कूल की हैं। विद्यालय में एक भी स्थायी शिक्षक नहीं है, वर्षों से विद्यालय में किसी शिक्षक की नियुक्ति नहीं की गयी है. विद्यालय में पठन-पाठन की पूरी व्यवस्था प्रतिनियुक्ति शिक्षकों के भरोसे चल रही है. विद्यालय में शिक्षकों के कुल 27 पद सृजित हैं, जबकि मात्र दो स्थायी शिक्षक (हिन्दी व विज्ञान) ही कार्यरत हैं. संयुक्त बिहार के समय अब तक सिर्फ एक बार ही स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति होती थी. फिलहाल यहां दूसरे स्कूलों के शिक्षक तैनात हैं।



शिक्षक ही नहीं शिक्षकेतर कर्मचारियों के भी आधे पद खाली हैं. जबकि गैर-शिक्षण कर्मचारियों के 102 पद हैं. विद्यालय की स्थापना संयुक्त बिहार के समय हुई थी। इसकी स्थापना नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर छात्राओं के लिए की गई थी। स्कूल में शिक्षकों का एक अलग कैडर है। इसकी भर्ती प्रक्रिया भी अलग है और दूसरे स्कूल में स्थानांतरण भी संभव नहीं है। पहले पढ़ाई कक्षा 6 से 10 तक थी, अब इसे अपग्रेड कर 12वीं कर दिया गया है।

**कोई स्कूल वेबसाइट नहीं**

इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय एक विशेष श्रेणी का विद्यालय है। स्कूल में प्रवेश के लिए झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। स्कूल के बारे में कोई विशेष जानकारी ऑनलाइन नहीं मिल सकती। स्कूल की अपनी वेबसाइट भी नहीं है. ताकि अभिभावकों को विद्यालय में नामांकन समेत अन्य जानकारी मिल सके

# आदिवासी समाज की जमीनों हडप कर उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** आदिवासी समाज की जमीन और उनके संसाधनों को लूटने और तबाह करने वालों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए तथा इतिहास में झांक कर इंडी गठबंधन के साथियों को एक बार उलगुलान विद्रोह को फिर से पढा जाना चाहिए। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कही हैं।



बाबूलाल मरांडी के अनुसार उलगुलान विद्रोह मूल निवासियों के संसाधनों, उनकी जमीनों और उनके अधिकारों को जमीदारों और साहूकारों द्वारा छीने जाने के विरोधस्वरूप उत्पन्न हुआ था। बाबूलाल का कहना है कि आज इंडी गठबंधन उन्हीं साहूकारों और जमीदारों की तरह आदिवासी समाज की जमीनों को हडप कर उलगुलान जैसे शब्दों का उपयोग कर उसका राजनीतिकरण कर जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहा है। बाबूलाल ने कहा कि उलगुलान विद्रोह को लेकर आदिवासी कवि हरीराम मीणा ने भगवान बिरसा मुंडा जी पर कविता लिखी थी, जिसकी चंद पंक्तियां इस प्रकार हैं

# लोकहित अधिकार पार्टी का जनसंपर्क अभियान चलाया गया- हरिनाथ साहू*

रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बुटी,बीआईटी, केदल, मेसरा, न्यूरी, चूट्टू, सहित अन्य गांवों का दौरा शनिवार को किया गया। इस दौरान लोकहित अधिकार पार्टी के उम्मीदवार हरिनाथ साहू, अपने समर्थकों के साथ ग्रामीणों से मिलकर पार्टी के निति एवं सिद्धांतो को बताया।

साथ ही सामाजिक न्याय से जूड़े मूलभूत अधिकारों से ग्रामीणों को अवगत कराया और अपने चुनाव चिन्ह सेव छाप के बारे में बताते हुए, कहा देश स्तरीय सभी के लिए निःशुल्क और समान शिक्षा एवं स्वास्थ्य मिले। देश में असंख्य दबे कुचले वंचित शोषित उपेक्षित वर्गों को राजनीति में भागीदारी और बेरोज़गारो को रोजगार मिले इसके लिए लोकहित अधिकार पार्टी को मजबूत बनाने हेतु सेव छाप पर वोट देकर पार्टी को भारी मतों से विजय दिलाने का आह्वान किया।



श्री साहू ने जनसंपर्क अभियान के दौरान सहारा इंडिया, पल्स इंडिया जैसे अन्य चिटफंड कंपनियों में देश के लाखों निवेशकों के पैसा वापसी का भरोसा दिलाया। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, कांके प्रखंड अध्यक्ष देवपुजन ठाकुर, विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक सहित दर्जनों समर्थक उपस्थित थे।

# बहुउद्देशीय सभागार का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया

रांची। अग्रवाल सभा द्वारा संचालित अग्रसेन भवन में बहुउद्देशीय सभागार का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित उद्घाटन समारोह में बहुउद्देशीय सभागार का उद्घाटन अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने किया। इसके बाद अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, विनोद कुमार जैन, पवन कुमार पोद्दार सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने श्री गणेशजी और महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल सभा विगत कई वर्षों से जनसेवा, कल्याणकारी, रचनात्मक और सामाजिक कार्यों को कर एक उत्कृष्ट पहचान बनायी है।



अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने कहा कि अग्रवाल सभा अग्रसेन भवन के आधुनिकरण के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। मौके पर मनोज कुमार चौधरी, पवन कुमार पोद्दार, संजय सर्राफ, विनोद कुमार जैन, ललित कुमार पोद्दार, प्रमोद कुमार अग्रवाल, सज्जन पाडिया, मनोज चौधरी, पवन पोद्दार, अजय डीडवानिया, विजय खोवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, कमल खेतावत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# राज्य में बढ़ती गर्मी के कारण अब 11.30 बजे तक ही चलेंगी

**रांची।** राज्य में भीषण गर्मी को देखते स्कूलों में कक्षाओं का समय सरकार ने निर्धारित कर दिया है। इस संबंध में शनिवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त और सभी निजी स्कूलों में केजी से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से 11.30 बजे तक ही चलेंगी। कक्षा नौ और इससे ऊपर की कक्षाएं सात बजे से 12.00 बजे तक ही संचालित की जायेंगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद-अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जायेंगी। हालांकि मिड डे मील का संचालन जारी रहेगा। इस अवधि में बच्चों की पढाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से फैसला लेते हुए संसूचित किया जायेगा। जारी आदेश 22 अप्रैल से अगले आदेश तक जारी रहेगा। यह आदेश शनिवार को सरकार के प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह ने जारी किया है।



# हटिया विधानसभा में चुनावी कार्यालय खुला

रांची। हटिया विधानसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कटहल मोड में खोला गया। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, विधायक नवीन जयसवाल, विधायक समरी लाल, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, संयोजक संजीव विजयवर्गीय, सहसंयोजक रमाकांत महतो उपस्थित रहे। कहा गया कि यह चुनाव देश के दिशा और दशा तय करेगा। इसलिए 25 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की जरूरत है।



सांसद सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुए हैं। 33 परसेंट आरक्षण के रूप में अब संसद में पुरुषों के बराबर में महिलाएं सांसद बनेंगी। देश के हर पदों पर महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ रहा है। 10 वर्षों में प्रधानमंत्री ने देश की तस्वीर बदल दी।

महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, प्रदीप सिंह, बलराम सिंह, सुरेंद्र महतो, सुबोध सिंह, ललित ओझा, सीमा शर्मा, केके गुप्ता, अनिता, राकेश केसरी, पवन पासवान, पवन साहू, नरेंद्र कुमार, प्रीतम साहू, राकेश चौधरी, संजय जयसवाल, फूलमानी देवी समेत अन्य मौजूद थे।



रांची। लोकतंत्र बचाओ 2024 का आरोप है कि पिछले 10 वर्षों में देश में नौकरी का संकट पैदा हुआ है। पर्याप्त मजदूरी भी लोगों को नहीं मिल रही है। इस संगठन की ओर से प्रेस क्लब में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने कहा कि भारत में वास्तविक मेहनताना 2014-15 के बाद से नहीं बढा है, जबकि देश की जीडीपी जरूर बेहतर हुई है। इस दौरान देश की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था भी थम सी गयी है। देश के अनौपचारिक श्रमिकों का जीवन बेहद अनिश्चित है। खासकर झारखंड जैसे राज्यों में जहां आकस्मिक रोजगार लाखों लोगों की आजीविका का मुख्य स्रोत है। मौके पर रितिका खेरा भी मौजूद थीं।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे युवा मोर्चा के कार्यकर्ता

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने की। बैठक में प्रमुख रूप से सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ, रांची लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी बालमुकुंद सहाय सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। । सांसद संजय सेठ ने कहा कि युवा मोर्चा ने रांची सहित पूरे झारखंड में भाजपा के अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभायी है। उन्होंने युवा मोर्चा से जुडे अपने संस्मरण भी कार्यकर्ताओं को सुनाये और कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता ही हमारी शक्ति हैं। विश्वास है कि मोर्चा दमखम के साथ लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए काम करेगा। विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए काम करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी शक्ति के साथ फिर एक बार मोदी सरकार के लिए काम करने का आह्वान किया। इस बैठक में अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने आने वाले चुनाव को लेकर अपनी तैयारी को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। कहा कि युवा मोर्चा फर्स्ट टाइमर वोटर से संवाद कर रहा है। उन्हें इस बात के लिए प्रेरित किया जा रहा है कि विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने में प्रधानमंत्री का साथ दें। इसके अलावे युवा चौपाल का आयोजन करने की योजना है। उन्होंने यह भी कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता घर-घर से संपर्क करेंगे। नामांकन के दिन विशाल बाइक रैली निकाली जायेगी। मौके पर संजीव विजयवर्गीय, केके गुप्ता, बलराम सिंह, मृगांक शेखर, प्रियांक भगत, रणजीत नाथ शाहदेव, कुंदन कुमार, टुनटुन यादव, सुभम जयसवाल, पीयूष विजयवर्गीय, अक्षय पल्लव, संजय चौधरी, आशीष अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थे।





रांची। महानगर युवा कांग्रेस के महासचिव रोहित सिन्हा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बार संचालकों द्वारा नियमों का उल्लंघन और मनमानी करने के संबंध में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपायुक्त, मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कडरू स्थित सरोज बार औरलाइन टैंक रोड स्थित स्काई स्केप बार के संचालक अपने आप को कानून और नियमों से ऊपर मानते हैं। ये न तो हाइकोर्ट, न उत्पाद विभाग, ना सरकार और ना ही जिला प्रशासन के निर्देशों और कानून का पालन करते हैं।

# न्याय उलगुलान महारैली 21 को, मुख्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की मेजबानी में रविवार को राजधानी में न्याय उलगुलान महारैली का आयोजन हो रहा है। धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में दोपहर एक बजे शुरू होनेवाली इस रैली में राष्ट्रीय स्तर के कई नेता शामिल होंगे। यह पहला मौका है, जब झामुमो के आमंत्रण पर इतने सारे नेता एक साथ रांची आ रहे हैं। रैली की तैयारियां पूरी हो गयी हैं। ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर सुरक्षा तक के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। पूरे शहर को झंडों, बैनरों और पोस्टरों से पाट दिया गया है। कई स्थानों पर तोरण द्वार भी बनाये गये हैं।प्रभात तारा मैदान में मंच और पंडाल का निर्माण पूरा हो गया है। महारैली के लिए तीन मंच बनाये गये हैं। इनमें एक मुख्य मंच और दो सहायक मंच शामिल हैं। एक मुख्य पंडाल और दो सहायक पंडाल भी बनाये जा रहे हैं, ताकि महारैली में आनेवाले लोगों को गर्मी से बचाया जा सके। पंडालों में दो दर्जन एलइडी स्क्रीन लगाये गये हैं।



महारैली में सुरक्षा के लिए दो हजार जवानों के साथ एटीएस की हिट टीम को भी तैनात किया गया है। जेड और एसपीजी श्रेणी सुरक्षा के लिए कई डीएसपी की तैनाती की गयी है। अतिथियों की सुरक्षा का इंतजाम उनकी श्रेणी के तहत किया जा रहा है। रांची में पदस्थापित डीएसपी रैंक के चार पुलिस अफसरों को जेड प्लस और एसपीजी सुरक्षा वाले गेस्ट के साथ सुरक्षा में लगाया गया है। रांची के अलावा गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, सरायकेला, पलामू, लातेहार, रामगढ, बोकारो और धनबाद से इंस्पेक्टर स्तर के 11 अफसरों की तैनाती रांची में की गयी है। जैप के पांच डीएसपी भी रैली की सुरक्षा व्यवस्था में शामिल रहेंगे। इसके अलावा झारखंड एटीएस की हिट टीम को भी रैली स्थल पर तैनात किया गया है।महारैली की तैयारियों का जायजा लेने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शनिवार को प्रभात तारा मैदान पहुंचे। उन्होंने वहां मीडिया से कहा कि हम लोग केंद्र सरकार की नीतियों का पोल खोलने का काम करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जनता लोकसभा चुनाव में इसका जवाब देगी।

महारैली में जो नेता शामिल होंगे, उनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सांसद राहुल गांधी, नेशनल कांफ्रेंस के डॉ फारूक अब्दुल्ला, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद सुप्रीमो लालू यादव, उनके पुत्र तेजस्वी यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप सांसद संजय सिंह, सुनीता केजरीवाल, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, शिवसेना (उद्धव) की प्रियंका चतुर्वेदी, माकपा नेता वृंदा करात, भाकपा माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और अन्य शामिल हैं। चुनावी व्यस्तता की वजह से दक्षिण भारत के कई दिग्गज महारैली में शामिल नहीं हो पायेंगे। झामुमो की ओर से सीएम चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, राज्य के मंत्री और अन्य नेता मंच पर मौजूद रहेंगे।

अलग पहचान



# पिता, खेती-बाड़ी में, बेटी ने पूरे प्रदेश में बनीं थर्ड टॉपर

**धनबाद** । सफलता किसी की आर्थिक स्थिति पर निर्भर नहीं करती, बस उसे पाने की भूख होनी चाहिए। फिर इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि वह किस वातावरण में उगता है। उन्हें अच्छा खाना मिले या न मिले, वे ठीक से कपड़े पहनें या न पहनें, ऐसे लोगों को सिर्फ अपनी मंजिल दिखती है। करिश्मा ने वैसा ही करिश्मा दिखाया है जैसा उनके नाम से पता चलता है।
धनबाद के जयरामपुर झरिया की रहने वाली करिश्मा ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जेएसी झारखंड बोर्ड) की 10वीं की परीक्षा में 492 अंक यानी 98.40 फीसदी अंक हासिल कर राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया है. उन्होंने इंदिरा गांधी गर्ल्स स्कूल,



हज़ारीबाग़ से 10वीं कक्षा पास की है और वर्तमान में कोटा में इंजीनियरिंग की तैयारी कर रही हैं।
सबसे खास बात ये है कि करिश्मा के पिता रवींद्र यादव किसान हैं और खेती से परिवार का भरण-पोषण करते हैं. किसान के रूप में काम करने के बावजूद, रवींद्र यादव ने अपनी बेटी के सपनों को पंख दिए। बिहारशरीफ से इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तैयारी हुई और आज रिजल्ट सबके सामने है. संयुक्त परिवार इसलिए आर्थिक समस्या ज्यादा नहीं।
करिश्मा को अपने पिता के किसान होने पर गर्व है। करिश्मा ने कहा कि जो भी उनसे पूछता है कि उनके पिता क्या करते हैं तो वह गर्व से कहती हैं कि वह किसान हैं और देश के लिए अनाज उगाते हैं. मां सरोज देवी गृहिणी हैं। बड़ा भाई नीट की तैयारी कर रहा है।
करिश्मा ने बताया कि उनके परिवार में कोई इंजीनियर नहीं है. मुझे बचपन से ही गणित पसंद है। इसलिए मैं इसी में करियर बनाने का सपना देखता हूं. इसमें भी एयरोनॉटिकल इंजीनियर बनना होता है, जिसे पूरा देश हमेशा याद रखेगा। करिश्मा ने कहा कि उन्होंने कभी भी अपनी पढ़ाई को घंटों तक सीमित नहीं रखा. जब मेरा मन हो तब पढ़ो. ज्यादातर पढ़ाई रात में होती थी। मुझे हमेशा रात के सन्नाटे में पढ़ना अच्छा लगता है। पढ़ाई के अलावा उन्हें डांसिंग और ड्राइंग का शौक है। मैं बहुत अच्छी पेंटिंग बनाता हूं. उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्कूल के शिक्षकों और रिश्तेदारों को दिया।
करिश्मा ने बताया कि वह कोटा में पढ़ती हैं इसलिए मोबाइल रखना जरूरी हो गया। व्हाट्सएप के अलावा मेरा किसी भी सोशल ऐप पर अकाउंट नहीं है। व्हाट्सएप का उपयोग परिवार से जुड़े रहने और कोचिंग की अध्ययन सामग्री के लिए भी किया जाता है। करिश्मा का मानना है कि सोशल ऐप्स पढ़ाई से ध्यान भटकाते हैं। आज हम जिस उम्र में हैं यानी किशोरावस्था में, हमें इसकी बुरी लत लग चुकी है। घंटों तक इधर-उधर घूमना, चैट करना, ऑनलाइन सक्रिय रहना, ये सभी चीजें पढ़ाई में बाधा डालती हैं।

# चुनाव से पहले झारखंड में कांग्रेस को बड़ा झटका, दिग्गज नेता ललन चौबे ने दिया इस्तीफा



धनबाद न्यूजः-विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाने से नाराज झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य सह इंटक नेता ललन चौबे ने शुक्रवार को पार्टी के सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। यह जानकारी उन्होंने भागा स्थित अपने आवास में पत्रकारों को दी। इस दौरान ललन चौबे ने कांग्रेस के प्रदेश व केंद्रीय नेताओं पर टिकट बेचने का आरोप लगाया।ललन चौबे ने आरोप लगाया कि विधायक अनूप सिंह कोयले का अवैध धंधा चलाने के आरोपित हैं। कांग्रेस ने ऐसी घरेलू महिला को टिकट दे दिया जिन्होंने कभी घर की चौखट नहीं लांघी। कांग्रेस ने जानबूझकर भाजपा को लाभ पहुंचाने को अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाया है।
यह समर्पित कार्यकर्ताओं का अपमान किया है। ललन चौबे ने कहा कि धनबाद लोकसभा सीट से 11 लोगों ने टिकट के लिए दावेदारी की थी। पार्टी के निर्णय से आहत होकर हजारों समर्थकों के साथ शुक्रवार को उन्होंने अपना त्यागपत्र प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर व प्रभारी को भेज दिया है।

# अद्वैय सोशल फाउंडेशन का उद्घाटन समारोह राष्ट्रभाषा प्रचार समिती, वर्धा में संपन्न.

**आज अद्वैय सोशल फाउंडेशन, महाराष्ट्र का उदघाटन समारोह वर्धा में संपन्न हुआ.**





समारोह की शुरुआत सुबह राष्ट्रभाषा प्रचार समिती स्थित किशोर भारती व हिंदी माध्यमिक विद्यालय में हुआ. प्रमुख अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण व दीप प्रजलवन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के सचिव श्री मानिक सर ने की. प्रमुख अतिथि के रूप में फाउंडेशन के अध्यक्ष संपा मेम व फाउंडेशन के महाराष्ट्र प्रभारी श्री स्वप्निल बिसानी सर रहें. अतिथि के स्वागत के पश्चात् श्री बिसानी सर ने प्रास्ताविकी दी. उसमें उन्होंने इस फाउंडेशन का उद्देश्य बताया. उन्होंने बताया की शिक्षा समाज के हर तबके के बच्चे तक पहुचे यह हमारा प्राथमिक उद्देश्य हैं. फाउंडेशन [illegible] प्रदान किये गए. तीन गटो में आयोजित इस स्पर्धा में प्रथम, द्रितीय व तृतिय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए. अध्यक्षा संपाजी ने समयसूचकता पर व्याख्यान दिया. इस अवसर पर राष्ट्रभाषा प्रचार समिती की ओर से प्रमुख रूप से उपस्थित रहें प्रधानमंत्री हेमचंद वैद्य सर, विजय व्यास सर, जैन सर, प्रदीप गुलहाने सर औऱ संजय पालीवाल सर. फाउंडेशन की ओर से गरजू विद्यार्थियों को नोटबुक औऱ स्मार्ट रूम के लिए घडी प्रदान की गयी. अंत में महाराष्ट्र प्रभारी स्वप्निल बिसानी सर ने कार्यक्रम को सुचारुरूप से आयोजित करने के लिए पालीवाल सर औऱ सभी शिक्षकगण का आभार व्यक्त किया. फाउंडेशन की ओर से अमोल श्रीवास्तव सर, गुणवन्ति जोशी मेम औऱ सारंग उमाटे उपस्थित रहें. सचिव मानिक सर ने आनेवाले समय में गरजू विद्यार्थियों के सहयोग का आव्हान किया.

# धनबाद में साइबर अपराधी गिरफ्तार



धनबाद। धनबाद साइबर पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दरअसल साइबर पुलिस ने साइबर अपराध के कुख्यात बदमाश विक्रम दास को साइबर अपराध से जुड़े कई सामानों के साथ गोबिंदपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।
धनबाद साइबर सेल के डीएसपी संजीव कुमार ने शनिवार को बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद को गुप्त सूचना मिली थी की गोबिंदपुर और निरसा थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी लोगों को झांसा देकर उनके गाढी कमाई को ठगने में लगे हैं। जिसके बाद साइबर सेल ने एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी की। जिसमें गोबिंदपुर थाना क्षेत्र से विक्रम दास नामक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार विक्रम के पास से पुलिस ने मोबाइल फोन, लैपटॉप, एटीएम कार्ड और 15 हजार रुपये नकद बरामद किया हैं। साथ ही पुलिस इसके अन्य साथियों को भी गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

# लोकतंत्र के महापर्व में बीएलओ उत्साहपूर्वक करे कर्तव्य का पालन - डीसीएलआर




जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए न्यू टाउन हॉल में आज बाघमारा एवं झरिया विधानसभा के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया।
इस अवसर पर डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता ने सभी बीएलओ से कहा कि वे लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह पूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करें। मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें।
उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन मतदान केंद्रों में महिला पुरुष तथा सीनियर सिटीजन व दिव्यांग मतदाताओं सहित तीन लाइन रहेगी। सीनियर सिटीजन व दिव्यांग तथा गर्भवती महिलाओं को जल्दी मतदान करने के लिए सहायता करें।
साथ ही कहां कि मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय, पर्याप्त फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
प्रशिक्षण के दौरान होम वोटिंग, मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण, चुनाव के दिन बीएलओ की ड्यूटी, बीएलओ के लिए ईडीसी से मतदान करने सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।
बाघमारा विधानसभा के प्रशिक्षण में डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन, एईआरओ सह बाघमारा की प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुषमा आनंद तथा झरिया विधानसभा के प्रशिक्षण में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती संतोषिनी मुर्मू के साथ दोनों प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक श्री दिलीप कुमार कर्ण, श्री कुलदीप, श्री कुमार वंदन सहित बीएलओ, सुपरवाइजर मौजूद थे।

# ईसीआई के निर्देशों का पालन कर संपन्न कराए त्रुटि रहित चुनाव - उपायुक्त



सभी पोलिंग पदाधिकारी मतदान के दिन चुनाव आयोग के निर्देश एवं एसओपी का पालन करते हुए त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराएंगे। प्रशिक्षण के दौरान बताई गई हर बात को ध्यानपूर्वक सुने। ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग ले। 2 बैलेट यूनिट को कनेक्ट करने का प्रशिक्षण प्राप्त कर ले। सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन करे।
उपरोक्त निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज भुदा स्थित गुरु नानक कॉलेज में पोलिंग पदाधिकारियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण का निरीक्षण करने के क्रम में दिया।
उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव में यदि 15 से अधिक उम्मीदवार होंगे तो 2 बैलेट यूनिट का प्रयोग किया जाएगा। इसलिए प्रशिक्षण के दौरान बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपीएटी को आपस में कनेक्ट करना तथा एक साथ 2 बैलेट यूनिट को कनेक्ट करने पर विशेष ध्यान देंगे।
उपायुक्त ने प्रीसाइडिंग ऑफिसर, पोलिंग ऑफिसर 1, पोलिंग ऑफिसर 2, पोलिंग ऑफिसर 3 के दायित्व, मॉक पोल, मॉक पोल के बाद की प्रक्रिया, चुनाव संपन्न होने के बाद ईवीएम को सील करने सहित अन्य विषय पर दिशा निर्देश दिए।
मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, मत्स्य पदाधिकारी श्रीमती उषा किरण, मुख्य प्रशिक्षक श्उ मेश लाल, पुष्कर झा, अनिल महतो, श्री राजेश सिन्हा, श्री सियाराम राय आदि उपस्थित थे।

# सभी छह विस के बीएलओ, सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



धनबादः जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से विगत तीन दिनों से न्यू टाउन हॉल में धनबाद, झरिया, बाघमारा, निरसा, टुंडी व सिंदरी विधानसभा के बीएलओ व सुपरवाइजर का 14 बिंदुओं पर प्रशिक्षण आज संपन्न हुआ।
प्रशिक्षण में मुख्य रूप से फॉर्म 12 डी, होम वोटिंग, ए.एस.डी. लिस्ट, वोटर इन्फोर्मेशन स्वीप, एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, बूथ अवेयरनेस ग्रुप, स्वीप एक्टिविटी, वोटर फेसिलिटेशन पोस्टर, चुनाव से 2 दिन पहले, 1 दिन पहले और चुनाव के दिन का दायित्व, वोटर हेल्पलाइन एप व सी-विजील एप, ईवीएम, चुनावी पाठशाला इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया।
प्रशिक्षण सत्र में सभी विधान सभा के एआरओ तथा एईआरओ ने उपस्थित होकर उचित दिशा निर्देश दिए।

# आयुष फाउंडेशन धनबाद का क्राफ्ट वर्कशॉप



आयुष फाउंडेशन धनबाद ने के आर जे इंस्टीट्यूट गोविंदपुर के संचालक कुंदन सर के पिताजी एस एन झा जी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष में बिशुनपुर स्तिथ द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी में 100 बच्चों को पेपर क्राफ्ट से वॉल हैंगिंग बनाना सिखलाया । उपाध्यक्ष गणेश शर्मा ने बताया एस एन झा जी आज हमारे बीच नहीं है ,उनके सुपुत्र कुंदन सर ने अनोखे तरीके से अपने पिताजी का जन्मदिन मनाने के लिए हमसे सलाह ली और आज 100 बच्चों ने मुफ़्त वॉल हगिंग बनाना सीखा ।कुंदन सर जो खुद बच्चों को प्रोत्साहित करते रहते है कहा हम इस तरह से अपने खास सुअवसर को अगर मनाए तो हम अपने समाज में कुछ नई मिशाल देंगे । प्राचार्य मदन सर ने साधुवाद दिया ।स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया गया ।सभी बच्चों को बिस्किट्स,चॉकलेट ,आदि भी दिया गया सचिव अर्पिता अग्रवाल,उपाध्यक्ष गणेश शर्मा, कुंदन सर ,विनीता झा ,गोविंद मिश्रा ,सह स्कूल के शिक्षकगण मौजूद थे॥

# जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गांव-गांव, शहर-शहर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन
लो टर्न आउट वाले बूथों पर स्वीप कोषांग की है विशेष फोकस
आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 20 अप्रैल 2024 को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





जिसके तहत आज तोपचांची प्रखंड में जेएसएलपीएस की महिला समूह की दीदियों द्वारा मानव श्रिंकला बनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान दीदियों ने 25 मई को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील किया।
वही कुसुंडा क्षेत्र के प्रबंधन एवं कर्मियो द्वारा अपने क्षेत्रीय कार्यालय के आस पास के क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता हेतु प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान सभी ने लोगों को जागरूक करते हुए लोगों से मतदान करने की अपील की।
स्वीप कार्यक्रम के तहत सेल, चासनाला में मतदाताओं को जागरूकता और चुनावी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में चासनाला अकादमी स्कूल में अंतर-स्कूल खेल टूर्नामेंट के दौरान बच्चों द्वारा नाटक प्रदर्शन किया गया।
इसके अलावा जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की गई, जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, फ्लोर गेम, शपथ ग्रहण आदि शामिल थे।
लो वोट टर्न आउट वाले क्षेत्र झरिया में स्वीप की गतिविधियां तेज करते हुए जगह-जगह चौक चौराहा आदि पर मतदाता शपथ ग्रहण समारोह, हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी पॉइंट, रंगोली , मेहंदी, फ्लोर गेम, नुक्कड़ नाटक, रैली आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।
इसके अलावा कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा साइकिल रैली गई। तथा मतदाताओं से वोट करने की अपील की गई।
साथ ही पूरे धनबाद जिला में स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, समेत कई अन्य गतिविधियां की गई एवं लोगों को शपथ दिलाई गई। साथ हीं लोगों में स्वीप गतिविधियों के तहत सेल्फी स्टैंड में सेल्फी भी ली। इस दौरान स्वीप कोषांग द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया

# एसडीओ बेरमो ने नावाडीह के धतकीबेड़ा गांव में की छापेमारी,भारी मात्रा में अवैध भंडारित कोयला किया जब्त

**मौके से कोयला लदा एक ट्रक भी किया जब्त,थाने को किया सुपूर्द**





**बोकारो।*** लोकसभा आम चुनाव 2024* को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो श्री अशोक कुमार द्वारा नावाडीह के धतकीबेड़ा गांव में शनिवार तड़के छापेमारी की गई। इस दौरान भाड़ी मात्रा में अवैध रूप से भंडारीत कोयला को जब्त किया गया।

मौके से कोयला लदा एक ट्रक भी टीम द्वारा जब्त किया गया। ट्रक का पंजीयन संख्या BR26GA4981 है। ट्रक को संबंधित थाने को सुपूर्द कर दिया गया है। संबंधितों के विरोध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

छापेमारी में नावाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार, अंचलाधिकारी अभिषेक कुमार,कार्यपालक दंडाधिकारी एवं पुलिस जवान शामिल थे।

# अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस रैली में आने वाले सभी परिवारवाद को बढावा देने वाले लोग हैं



*** रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा 21 को होने वाले उलगुलान रैली को लेकर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस रैली में आने वाले सभी परिवारवाद को बढावा देने वाले लोग हैं। इस रैली में वैसे लोगों की जमात होगी जो भ्रष्टाचार ने लिप्त हैं। देश की जनता अब भ्रष्टाचार के गोलबंद हो गई है।ऐसे लोगों की जमात को पूरे देश की जनता देख रही है। इन लोगों ने किस तरीके से राजनीत को हथियार बनाकर ऐसा उपयोग किया की वो देश के लिए दुरुपयोग साबित हो रहा है। अब ऐसे लोगों की जमात बनेगी जिसके नेता पर ही सवाल खडा है। देश के अंदर एक ऐसे दल जो शासन में रहे हैं, शासनों का दुरुपयोग करते रहे।

मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल 2004 से 2014के बीच में स्पष्ट दिखा कि किस तरह से भ्रष्टाचार हुआ।सवाल यह है कि जो मुद्दे हैं उसे आप सही तरीके से रखे। वहां रखने के बजाय हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।

इनके कार्यकाल में जम कर भ्रष्टाचार हुए हैं और भ्रष्टाचार के कारण आम आदमी त्रस्त हुए हैं।

मुंडा ने कहा कि झारखंड में प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए लाभुकों को बालू नहीं मिल रहा है। जबकि इनके बिचौलिए खुलेआम बालू की तस्करी करने में लगे हुए हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं में इन लोगों ने जमकर लूट मचा रखी है। साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं में भी कई योजना सिर्फ कागजों तक ही सीमित है।

इस उलगुलान रैली से इंडी गठबंधन को कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। वहीं लोकसभा चुनाव के प्रथम फेज में भाजपा को सफलता मिलने की बातें कही।वहीं खूंटी लोकसभा चुनाव में चुनौतियों पर सवाल करने पर कहा कि यह चुनाव खूंटी की जनता लड रही है और जनता की हमेशा जीत होती है।

## रामगढ़-हजारीबाग बॉर्डर पर दो बदमाश गिरफ्तार



**रामगढ।** रामगढ़-हजारीबाग के बॉर्डर पर हथियार के साथ घूम रहे दो शातिर अपराधियों को पुलिस ने पकड़ा है। उन दोनों के पास से एक देसी पिस्तौल, एक देसी कट्टा और एक कारतूस बरामद हुआ है। यह जानकारी शनिवार को एसपी डॉक्टर बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में सयाल पीपला सेंटर के रहने वाले राकेश कुमार उर्फ राजू और सायल शिवाजी रोड का रहने वाला प्रेम कुमार राम शामिल हैं। गुप्त सूचना के आधार पर सायल क्षेत्र में पुलिस जांच अभियान चलाकर पकड़ा। दोनों आरोपित हजारीबाग जिले के उरिमरी क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

एसपी ने बताया कि राकेश कुमार उर्फ राजू मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के गढ़वाल थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़की हथौड़ी गांव का रहने वाला है। प्रेम राम रांची जिले के कांके चौक सरना स्थल का रहने वाला है। दोनों पतरातू थाना क्षेत्र में रहकर अक्सर आपराधिक वारदातों को अंजाम देते रहे हैं। राकेश के पास से देसी रिवाल्वर मिला है। प्रेम के पास देसी कट्टा और एक कारतूस था। वे यामाहा मोटरसाइकिल (जेएच 24 एल 0461) से निकले थे। राकेश भुरकुंडा थाना क्षेत्र में पहले भी हथियार के साथ पकड़ा जा चुका है और वह जेल भी जा चुका है।

छापेमारी दल में पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भुरकुंडा ओपी के पदाधिकारी कुणाल कुमार व अन्य पुलिस बल शामिल थे।

## ब्राउन शुगर के तीन कारोबारी गिरफ्तार



**रांची।** राजधानी की सुखदेवनगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने के मामले में तीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुकेश राय, मुकेश तिर्की और रंजन कुमार सिंह शामिल हैं। इनके पास से इनके पास से पुलिस ने 1.56 ग्राम ब्राउन शुगर, दो मोबाइल फोन, एक होंडा साइन बाइक और 20 हजार 500 रुपये नकद बरामद किये गये हैं।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर बडा पुल के पास कुछ लोगों के जरिये प्रतिबंधित नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को पकडा। गिरफ्तार तस्करों का पूर्व का भी आपराधिक इतिहास रहा है। तीनों के खिलाफ पूर्व में भी नशा के कारोबार को लेकर मामला दर्ज है।

# देवघर एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी का किया स्वागत



**रांची।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की सरगर्मी तेज हो गयी है। विभिन्न पार्टियों के स्टार प्रचारकों का दौरा भी तेज हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिहार के भागलपुर में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने के लिए शनिवार को चार्टर्ड प्लेन से देवघर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से हेलीकॉप्टर से वह भागलपुर के लिए प्रस्थान कर गये। देवघर एयरपोर्ट पर इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में गोड्डा से कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका सिंह पांडेय, विधायक प्रदीप यादव, विधायक इरफान अंसारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष उदय प्रकाश, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नाम संजय, सुरेश पासवान, झामुमो जिला अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा आदि शामिल थे। राहुल गांधी ने नेताओं से चुनावी तैयारी पर चर्चा की और सभी को मिल कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने की अपील की।

# शनिवार को सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चार आरोपी गिरफ्तार



**साहिबगंज।** जिला के राजमहल थाना क्षेत्र में बीते 25 मार्च को हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में शनिवार सुबह चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त गुड्डू कुमार, भोला चौधरी, सडला चौधरी और अजय कुमार चौधरी उर्फ छोटू चौधरी पर राजमहल महिला थाना में कांड संख्या 1/2024 के तहत प्राथिमिकी दर्ज की गयी थी। मामले की जानकारी एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता में दी।

**राजमहल में देसी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार**

इधर राजमहल पुलिस अनुमंडल के राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत उधवा जंगली पाडा में देशी कट्टा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। वह हर छोटी-छोटी बात पर आसपास के इलाके के लोगों को देसी कट्टा का भय दिखा कर धमकाता था। जब इसकी सूचना राधा नगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी को मिली, तो उन्होंने छापामारी कर उक्त व्यक्ति को धर दबोचा। मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि उधवा जंगलपाडा निवासी शिवकुमार मंडल हथियार का भय दिखा कर आसपास के लोगों को धमकी दे रहा था, जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही कार्रवाई की गयी है। उसके खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है।

# सभी पीएसयू अपने पदाधिकारी - कर्मियों को 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करें- डीईओ सह डीसी

=======================

**वोटर एवरनेश फोरम के तहत पदाधिकारी/कर्मियों एवं उनके परिजनों को मतदान के प्रति करें जागरूक**

=======================

मतदाता सूची में छूटे लोगों का फार्म छह भराकर,मतदाता सूची में नाम जुड़ाएं 26 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

मतदाताओं को सत्यापित कर सभी पीएसयू घोषणा पत्र जारी करें, कोई भी कर्मी मतदान करने से वंचित नहीं रहेगाः स्वीप नोडल





बोकारो।समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) श्रीमती विजया जाधव ने शनिवार को जिले में संचालित विभिन्न कोल परियोजनाओं,पब्लिक सेक्टर यूनिट (उद्योग),सड़क परियोजना परियोजनाओं से संबंधित प्रबंधनों के साथ बैठक की। मौके पर डीपीएलआर मेनका,अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी,एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता,जिला खनन पदाधिकारी श्री रवि कुमार सिंह, एसडीओ बेरमो अशोक कुमार आदि जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित नहीं रहें को लेकर जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी पीएसयू को अपने अधिनस्थ कार्यरत पदाधिकारियों/कर्मियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा। उनके यहां गठित वोटर एवरनेश फोरस (वीएएफ) की नियमित बैठक करने कार्यरत पदाधिकारियों/कर्मियों एवं उनके परिजनों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम/गतिविधि आयोजित करने को लेकर निर्देश दिया।

कहा कि अभी भी अगर किसी का मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है,तो वह फार्म छह भरकर अपने नजदीकी बीएलओ/वीएएफ को जमा करें। आगामी 26 अप्रैल तक मतदाता सूची में नाम दर्ज करने को लेकर आवेदन प्राप्त किया जाएगा।

मौके पर उपस्थित स्वीप नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने सभी पीएसयू में वीएएफ की गतिविधि हो रही है। लेकिन, कुछ पीएसयू द्वारा अब तक अपने मतदाताओं को सत्यापित नहीं किया गया है। वह अविलंब अपने अधिन कार्यरत पदाधिकारी/कर्मियों का मतदाता सूची में नाम सत्यापित कर जिला को प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। कहा कि सभी कंपनियों को एक घोषणा पत्र समर्पित करना है, जिसमें वह स्पष्ट उल्लेख करेंगे कि उनके यहां कार्यरत सभी पदाधिकारी/कर्मी एवं उके परिजन आगामी 25 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकारी का इस्तेमाल करेंगे। कोई भी मतदान करने से वंचित नहीं रहेगा।

बैठक में उपस्थित सभी के मोबाइल फोन के बैक कवर पर सेव द डेट (मतदान दिवस 25 मई 2024) का स्टीकर चस्पा किया गया।

मौके पर सीसीएल ढ़ोरी, सीसीएल बी एंड के, सीसीएल कोतरे बसंतपुर पचमो, सीसीएल राजरप्पा ब्लाक टू, बी.सी.सी.एल बरोरा, मेसर्स इलेक्ट्रोस्टील (वेदांता), ओएनजीसी, बोकारो स्टील प्लांट, दामोदर घाटी निगम, तेनुघाट विद्युत निगम, बोकारो थर्मल पावर, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण आदि के महाप्रबंधक/प्रबंधक/प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।



**गिरिडीह।विजय झा** - गौतम मंडल ने विंध्याचल धाम मे पूजा-अर्चना कर लोकप्रिय विधायक सह गिरिडीह के भावी सांसद मथुरा प्रसाद महतो की जीत सुनिश्चित करने के लिए विंध्याचल धाम मे माता विंध्यावासिनी की पूजा-अर्चना किये, तत्पश्चात् भावी सांसद मथुरा प्रसाद महतो जी का आवास पहुंच कर मंडल समाज के केंद्रीय महासचिव गौतम मंडल ने माता रानी की प्रसाद व चुनरी ओढ़ाकर जीत की अग्रिम बधाई व शुभकामनाये दी, जय मथुरा - तय मथुरा*





**धनबाद।**एस.एन.एम.एम.सी.एच. धनबाद के बैनर तले समाज को रक्त दान के लिए प्रेरित कर रक्त संग्रह करने वाले विभिन्न ग्रुप के सदस्यों को सम्मानित किया गया। कई सामाजिक संस्थाएं जिन्होंने रक्त संग्रह कर कई जरूरतमंद लोगों को जीवन दान देने का काम किया जो सहरानीय हैं।



**धनबाद***।पांडेडीह हनुमान मंदिर में आयोजित अखंड हरी कीर्तन में मुख्य रूप से सम्मिलित हुए कांग्रेस नेता सह बी.जे.के.एम.एस के महामंत्री रणविजय सिंह।श्री सिंह हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और समस्त कोयलंचल वासियों के लिए सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।*

# सभी पदाधिकारी घोषणा पत्र करें समर्पितः वरीय नोडल पदाधिकारी

=======================

**एसेंशियल सर्विसेज से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी शत-प्रतिशत करें मतदान सुनिश्चित**

=======================

पोस्टल बैलेट कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने कार्यालय कक्ष में संबंधित पदाधिकारियों के साथ किया बैठक, दिया जरूरी दिशा-निर्देश



बोकारो।समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शनिवार को पोस्टल बैलेट कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर एसेंशियल सर्विसेज से जुड़े सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया।


बैठक में पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले कर्मियों से फार्म 12डी प्राप्त करने की जानकारी ली। कहा कि कोई भी कर्मी मतदान करने से वंचित नहीं रहे। कर्मी या तो पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करें या मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। इसे संबंधित विभाग के वरीय पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे।

वरीय नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता ने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को घोषणा पत्र समर्पित करने का निर्देश दिया है। घोषणा पत्र में स्पष्ट करेंगे कि उनके यहां कार्यरत सभी पदाधिकारी/कर्मचारी शत-प्रतिशत मतदान करेंगे। विभाग के सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों को प्रपत्र 12डी आवश्यकता अनुसार भरवाया गया है, जिसकी कुल संख्या क्या है उसकी जानकारी देंगे। सभी पदाधिकारी यह घोषणा करेंगे कि मेरे विभाग के कोई भी पदाधिकारी/कर्मचारी मतदान करने से वंचित नहीं रहेंगे। घोषणा पत्र को सभी अविलंब पोस्टल बैलेट कोषांग को समर्पित करेंगे।

मौके पर पोस्टल बैलेट कोषांग के श्रवण झा द्वारा बताया गया कि मतदान के लिए समाहरणालय परिसर में ही दो फैसिलेटर सेंटर स्थापित किया जाएगा। आयोग द्वारा निर्धारित तिथि/अवधि तक मतदान होगा,सुविधा अनुसार सभी पदाधिकारी/कर्मी अपने मताधिकार का इस्तेमाल पोस्टल बैलेट से करेंगे।

मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, रेलवे,बीएसएनएल,अग्निशमन, ट्रैफिक,मंडल कारा समेत अन्य विभागों से संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा कल



**रांची।** सदर अनुमंडल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर रविवार को झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित होगी।इसे लेकर सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। परीक्षा सुबह 10.30 बजे से 12. 30 बजे तक संचालित होगी।जारी आदेश में कहा गया है कि इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 मीटर की परिधि में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत पांच से अधिक व्यक्तियों का मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा।परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति का परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। सदर अनुमंडल क्षेत्र में इस परीक्षा के लिए कुल 8 केंद्र बनाए गए हैं।संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली के द्वारा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौ सेना अकादमी परीक्षा (1) एवं सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (1), 2024 का आयोजन रविवार को आयोजित की जाएगी।

रक्षा सेवा परीक्षा (1) 2024 प्रथम पाली में सुबह नौ बजे से पूर्वाह्न 11:00 तक, द्वितीय पाली में दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न दो बजे तक तथा तृतीय पाली अपराह्न तीन बजे से अपराह्न पांच बजे तक आयोजित होगी।राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौ सेना अकादमी परीक्षा (I) 2024 प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से अपराह्न साढ़े बारह बजे एवं द्वितीय पाली अपराह्न दो बजे से अपराह्न साढ़े चार बजे तक विभिन्न परीक्षा केन्द्रों होगी।कदाचारमुक्त परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर द्वारा परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गई है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लांट नं 0535 एवं 1272 लालगूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर हिनू चौंक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्य नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244605 | RNI,NO JHAHIN/2013/66670
E-mail id alagpahchan@gmail.com | web -www.alagpahchan.com

अलग पहचान



# रालोद प्रत्याशी का रोड शो, विकास के जरिए लोगों के प्यार का उतारूंगा ऋण : डॉ राजकुमार सांगवान

## ••जैन समाज की ओर से अंकुश जैन ने बांधी पगड़ी

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।** भाजपा व आरएलडी के संयुक्त प्रत्याशी राजकुमार सांगवान ने शनिवार को बागपत लोकसभा क्षेत्र में तूफानी रोड शो किया। सभी गांवों में उनका पुष्पवर्षा के जरिए भव्य स्वागत किया गया।



राजकुमार सांगवान का रोड शो सुबह आठ बजे बिलोचपुरा गांव से शुरू हुआ। रोड शो शुरू होते ही उनके रथ के पीछे कार्यकर्ताओं की कारों का लम्बा काफिला जुड गया। इस दौरान उन्होंने बासोद, अमरपुर गढी, गोसपुर, रतनपुरी, सांकलपुट्ठी, अब्दुलपुर मेवला, ललियाना, मंसूरपुर, खैला, खासपुर, रटौल, नया गांव, बागपत, मेहनवा, चौहल्दा, अग्रवाल मंडी टटीरी हिसावदा और अमीनगर सराय में भ्रमण किया।

रोड शो के दौरान सभी जगहों पर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा के जरिए उनका स्वागत किया। चुनाव में उनके पक्ष में बडी संख्या में मतदान करने का भरोसा दिया। खेकडा और रटौल की नुक्कड सभाओं में उन्होने कहा कि, बागपत लोकसभा के लोगों का उन्हें बडा प्यार मिल रहा है। 26 अप्रैल को मतदान के दौरान भी उनका यह प्यार उन पर बना रहेगा। वे इस प्यार को भूलेंगे नही। विकास के जरिए लोगों के इस ऋण को अदा करेंगे। वहीं जैन समाज की ओर से अंकुश जैन ने उन्हें पगडी पहनाई। रोड शो में क्षेत्रीय भाजपा विधायक योगेश धामा, भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, नगरपालिका चेयरपर्सन नीलम धामा, गन्ना समिति चेयरमेन कृष्णपाल सिंह, आरएलडी के पूर्व जिलाध्यक्ष डा जगपाल तेवतिया, ब्रह्मपाल सिंह सभासद, धर्म सिंह एसडीओ, गजेन्द्र धामा, नरसिंह धामा, आदर्श गुप्ता, विकास धामा, सोनू चौहान आदि शामिल रहे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम, टॉप टेन लिस्ट में जैन इंटर कालेज के ऋषभ को मिला 9 वां स्थान

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।** यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में क्षेत्र के हाईस्कूल व इंटर कालेजों का रिजल्ट बेहतर रहा। वहीं जैन इंटर कालेज के इंटर विज्ञान के छात्र ऋषभ चौधरी ने जनपद की टॉप टेन लिस्ट में 9 वां स्थान प्राप्त किया।



कस्तूरबा कन्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्या कृष्णा रानी ने बताया कि, हाईस्कूल में प्राची ने 86.5 प्रतिशत, मोनिका ने 85 प्रतिशत और दीपा ने 82.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में नीतू यादव ने 83 प्रतिशत, सिमरन ने 79 प्रतिशत और सलोनी ने 77.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जैन इंटर कालेज के प्रधानाचार्य प्रशांत जैन ने बताया कि ,कालेज का परिणाम बेहतर रहा। इंटरमीडिएट के छात्र ऋषभ चौधरी ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में नौवां स्थान प्राप्त किया है। राजकीय हाई स्कूल मुबारिकपुर की प्रधानाचार्या रीता राठौर ने बताया कि विद्यालय का हाई स्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। सामिया ने 80 प्रतिशत, सादिया ने 79 प्रतिशत, आराध्या ने 72 प्रतिशत और शिवानी ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

एमएम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शिवकुमार शर्मा ने बताया कि, हाई स्कूल में रोबिन ने 91.6 प्रतिशत, सोनू ने 80 प्रतिशत और रोहित ने 76.1 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में अंशु सैनी ने 85 प्रतिशत, अंकुश ने 80.6 प्रतिशत और सना ने 78.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। गांधी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य उमेश कुमार ने बताया कि, हाई स्कूल में वैष्णवी ने 84 प्रतिशत, बुलबुल कुमारी ने 82 प्रतिशत और सोनाक्षी ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में खुशी ने 81 प्रतिशत, पुनीत ने 78 प्रतिशत, दिया ने 77 प्रतिशत और बबीता ने 76.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरौद के प्रधानाचार्य नरेन्द्र धामा ने बताया कि परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल परिणाम में तनिष्का ने 90 प्रतिशत, आसमीन 89 प्रतिशत, आरजू 85.5 प्रतिशत, शाहिना ने 82.5 प्रतिशत और नेहा ने 82.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। विद्या निकेतन गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्या रेनू जैन ने बताया कि हाई स्कूल में प्रियांशी ने 87.5, निधि ने 82.4, सानिया ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटर विज्ञान में ईशिका ने 83, चंचल ने 80.2 और तन्नु ने 74.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटर कला वर्ग में पायल ने 69, सना और खुशी ने 67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# दुकानदार को जमकर पिटाई कर किया अधमरा, 9 के खिलाफ दी तहरीर

**संवाददाता मनोज कलीना**

**बिनौली।** गांव के एक धार्मिक स्थल में शुक्रवार रात एक दुकानदार को बुलाकर आठ -नौ लोगों ने लात घूंसों से जमकर पिटाई कर दी ,जिससे वह बेहोश हो गया। पीड़ित ने नौ के खिलाफ तहरीर दी है।



बिनौली गांव निवासी दुकानदार रवि जैन पुत्र जिवेंद्र जैन ने थाने में दी तहरीर में बताया कि, उसे रात में गांव के ही कुछ लोगों ने समाज के एक धार्मिक स्थल में बुलाया। जहां उस पर किसी के बारे में गलत टिप्पणी करने का आरोप लगाया ,जिसे उसके द्वारा निराधार बताया गया। इसके बाद वहां मौजूद आठ नौ लोगों ने उसकी लात घूंसों से जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह बेहोश हो गया। इस दौरान उसके मल मूत्र भी निकल गए तथा कई जगह चोटें भी आई। जब उसे हौश आया तो किसी तरह घर आया तब स्वजन को जानकारी दी।

पीड़ित ने थाने जाकर नौ के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित को सीएचसी पर ले जाकर इलाज कराया। इंस्पेक्टर एमपी सिंह का कहना था कि, आरोपितों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# ट्रेन से गिरकर नौकरी पेशा व्यक्ति की मौत तथा गेहूं कटाई करते हुए महिला की मौत

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।** कस्बे में शनिवार को एक नौकरीपेशा व्यक्ति की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई ,जबकि एक महिला के खेत पर गेहूं कटाई करते समय प्राण पखेरू उड गए। दोनों मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ हैं।



खेकडा के शाह गार्डन में रहने वाला 45 वर्षीय राकेश शर्मा दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। वह रोजाना ट्रेन से दिल्ली जाता आता था। शनिवार की सुबह भी वह घर से ड्यूटी पर जाने के लिए चला। खेकडा रेलवे स्टेशन पर वह दिल्ली जाने वाली यात्री ट्रेन में सवार होने लगा। तभी उसे चक्कर आए और वह ट्रेन से नीचे गिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

दूसरी ओर कस्बे की एक महिला समीना , किसान के खेत पर मजदूरी पर गेहूं कटाई कर रहे थी तथा उसके बच्चे भी उसके साथ थे। बताया जाता है कि,11 बजे के करीब उसे गेहूं कटाई करते हुए चक्कर आए और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ,हदय गति रुकने से उसकी मौत हुई है। दोनों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

# ग्वालीखेडा कॉलेज के छात्र प्रदेश व जनपद की टॉप टेन सूची में छाए

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बडौत।** यूपी बोर्ड प्रयागराज की इंटरमीडिएट व हाईस्कूल परीक्षा के परिणाम शनिवार को घोषित हुए, जिनमें ग्वालीखेडा के चौ दलीप सिंह इंटर कॉलेज के कक्षा 12 के छात्रों ने प्रदेश व जनपद की टॉप टैन सूची में शामिल होकर स्कूल व जनपद का मान बढाया है।



कॉलेज के कक्षा 12 के छात्र श्लोक वर्मा पुत्र पंकज वर्मा निवासी फतेहपुर ने 96.20 अंक प्राप्त कर यूपी की टॉप टेन सूची में 9 वां ओर जनपद की टॉप टेन सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया। छात्र ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व माता पिता को दिया। छात्र ने कम्प्यूटर इंजीनियर बनने की इच्छा जाहिर की है।

स्नेहा पुत्री श्रवण कुमार निवासी तेडा ने 95.80 अंक प्राप्त कर जनपद की टॉप टेन सूची में छठा स्थान प्राप्त किया। छात्रा ने बताया कि ,वह बीटेक के लिए तैयारी कर रही है। अर्पित शर्मा पुत्र बबलू शर्मा निवासी ग्वालीखेडा ने 94.40 अंक प्राप्त कर जनपद की टॉप टेन सूची में 10 वां स्थान प्राप्त किया है। छात्र ने कहा कि, उसका लक्ष्य यूपीएससी की सिविल परीक्षा पास करना है।

प्रधानाचार्य देशपाल सिंह तोमर ने बताया कि, कक्षा 10 में पंजीकृत 92 व कक्षा 12 में पंजीकृत 144 छात्र छात्राओं ने अच्छे अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक ब्रजपाल सिंह शास्त्री, अध्यक्ष कालूराम धामा ने मेधावी छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर उत्साह वर्धन कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सचिव डॉ रवि पंवार, प्राचार्य डॉ राजीव गुप्ता, उपप्रधानाचर्य अश्वनी मोघा, मग्रपाल सिंह, सचिन, कविता राणा, यशपाल सिंह, संजीव, नीतू पंवार आदि उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र के पर्व पर गर्व,गुरुकुल में मतदान जागरूकता की दिलाई गई शपथ

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।** गुरुकुल विद्यापीठ में शनिवार को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। छात्राओं को मताधिकार की महत्ता समझाते हुए शत-प्रतिशत मतदान के लिए घर-परिवार व पडोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का आह्वान किया गया।



लोकसभा चुनाव का पर्व चल रहा है।इसके तहत बागपत में 26 अप्रैल को मतदान होगा। शनिवार को गुरुकुल विद्यापीठ के स्टाफ ने मतदान के प्रति जागरूकता की शपथ ली। प्रबंधक मुकेश गुप्ता ने कहा कि मतदान 18 साल की उम्र पूरी कर चुके हर नागरिक का अधिकार है और सभी को इसका इस्तेमाल करना चाहिए। शत-प्रतिशत मतदान से लोकतंत्र मजबूत होगा।

कहा कि, लोकतंत्र में जनता स्वयं ही सरकार स्वयं चुनती है। ऐसे में हमें मतदान अवश्य करना चाहिए। यही मत राष्ट्र को मजबूती देगा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को अपने-अपने क्षेत्रों के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने और 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्या प्रभा सिंघल ने कहा कि ,बच्चे देश का भविष्य हैं। ऐसे में अपने भविष्य की सुरक्षा हेतु अपने परिजनों के साथ दूसरों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करें। कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। इसका प्रयोग सभी मतदाताओं को अवश्य करना चाहिए। इस दौरान सभी शिक्षक शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे।

# सब्र का फल मीठा :खेकडा के गेंहूं क्रय केन्द्र पर हुई पहली तौल



**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।** लम्बी प्रतीक्षा के बाद कस्बे के गेंहू क्रय केन्द्र पर शनिवार को पहली तौल हुई। इससे सरकारी क्रय केन्द्र संचालकों ने राहत की सांस ली है।

एक अप्रैल से खेकडा सहकारी समिति गोदाम, कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर के अलावा रटौल, सिंगौली तगा, लहचौडा, फिरोजपुर, मुबारिकपुर में गेहूं खरीद केन्द्र संचालित हो गए थे। इन केन्द्रों पर 15 जून तक खरीद होगी,लेकिन 20 दिन बीत जाने पर भी कोई किसान इन केन्द्रों पर गेहूं लेकर नहीं पहुंच रहा था। शनिवार को नूरपुर का किसान रविन्द्र कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर के केन्द्र पर गेहूं लेकर पहुंचा।

मंडी सचिव विकास कुमार ने बताया कि, इस दौरान किसान के 10 कुंतल गेहूं की खरीद की गई। यह पहली तौल है। उम्मीद जताई कि,अब अन्नदाता किसान इन केंद्रों पर गेहूं लाएंगे। फिलहाल गेहूं आने से सरकारी केन्द्र संचालकों ने राहत की सांस ली है।

# मेरठ मंडलायुक्त व आईजी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**

**बागपत।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष,पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से आज मेरठ मंडल मेरठ मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे व आईजी नचिकेता झा ने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 26 अप्रैल 2024 को जनपद बागपत में 979 बूथ पर होने वाले मतदान के दृष्टिगत संबंधित मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया ।



इस दौरान मेरठ मंडल मेरठ आयुक्त श्रीमती सेल्वा कुमारी जे व आईजी ने जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साकरोद में बने 2 बूथ व जैन इंटर कॉलेज खेकड़ा में बनाये गए 7 बूथों पर जाकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था, रैंप व्यवस्था, पेयजल ,भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान केंद्र पर होने वाली समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण देखी। इसके साथ ही उन्होंने लख्मीचंद पटवारी डिग्री कॉलेज में पहुंचकर पोलिंग पार्टी रवानगी व मतगणना स्थल डिस्पैच रिसीविंग आदि का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अनुपालन करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधित समस्त प्रक्रियाओं का कार्य तत्परता के साथ पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह , पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय, अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, एसडीएम खेकड़ा ज्योति शर्मा आदि उपस्थित

# सपा- कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी पं अमरपाल शर्मा के चुनावी अभियान में कार्यकर्ताओं ने झौंकी ताकत

## •• 23 अप्रैल को हर्रा खिवाई में सपा सुप्रीम अखिलेश यादव के कार्यक्रम से सपाई उत्साहित

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा, जिसके लिए क्रिकेट मैच की तरह अब चुनाव प्रचार में स्लोग ओवरों का समय आ गया है। इसी तर्ज पर सपा कांग्रेस के गठबंधन प्रत्याशी पं अमरपाल शर्मा ने क्षेत्र में पूरी ताक़त झौंकते हुए तूफानी चुनाव प्रचार शुरू कर दिया हैं। इसबीच सपा सुप्रीम अखिलेश यादव के 23 अप्रैल को चुनावी सभा के कार्यक्रम से सपाइयों में भारी उत्साह दिखाई दिया तथा सभा को ऐतिहासिक बनाने की मुहिम शुरू कर दी है।





पं अमरपाल शर्मा ने अब क्षेत्र में हर दिन करीब 13 से 14 घन्टें जनता के बीच उनका आशीर्वाद व समर्थन के लिए बिताने शुरू कर दिए हैं। शनिवार को डेढ दर्जन से अधिक गांवों व कस्बों में इन्होंने चुनाव प्रचार में हिस्सा लेते हुए प्रमुख रूप से आपसी भाईचारा व सोहार्द के वातावरण को कायम रखने की बात कही तथा सबको समान भावना व प्यार से बर्ताव की अपील करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास पर बल दिया।

जनसंपर्क के दौरान अपनी जीत के प्रति अपने समर्थकों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं को संयम व अनुशासित रहकर कार्य करने को कहा। सभी जाति व धर्म से मिल रहे समर्थन के प्रति भी सबका आभार व्यक्त किया एवं सभी से मतदान करने की अपील भी की। बागपत संसदीय क्षेत्र में आने वाले मोदीनगर व सिवालखास विधानसभा के चुनाव प्रचार में सैदपुर,चुड़ियाला,भटजन, सरुरपुर मडला, पट्टी , जहांगीर पुर, तिबडा, गदाना,भोजपुर अमीरपुर, नाहली मुकीमपुर, कनकपुर ,दलैडी, अतरौली, महमूदपुर, फरीद नगर आदि गांवों में चुनाव प्रचार किया ,जिसमें हारुन तोमर,हाजी आस मोहम्मद, इरफान कुरैशी, मुस्तफा चौधरी,बन्टी तोमर, अमित तोमर, मनजीत नेहरा, मुकेश त्यागी, परविन्दर चौधरी, प्रशांत गूर्जर , सुनील शर्मा,कमल शर्मा,एड मनोज शर्मा आदि ने भाग लिया ।

# जनसंपर्क, देश के उज्ज्वल भविष्य की सोच वाले वोटर रालोद सुप्रीम के मिशन के प्रशंसक, जीत पक्की : रमन शर्मा

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बडौत।** रालोद प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान को ऐतिहासिक जीत दिलाने के अभियान में युवा नेता रमन शर्मा के नेतृत्व में मेरठ महानगर पालिका के सभासद रहे निवर्तमान शहर अध्यक्ष भाई गफ्फार, जितेंद्र तोमर, शौएब मोहम्मद, बोबी प्रधान, धीरज दांगी आदि ने संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी इलाकों में नल चुनाव चिन्ह का बटन दबाकर जनपद के विकास के स्वप्न को साकार करने में सहयोग का आह्वान किया।



इस अवसर पर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया तथा घरों में बैठकर रालोद सुप्रीम जयंत चौधरी के मिशन को सफल बनाने की बात कही। युवा नेता रमन शर्मा ने कहा कि, युवा मतदाता तथा देश के उज्ज्वल भविष्य की चिंता रखने वाले हर कोई रालोद सुप्रीम के मिशन के प्रशंसक हैं, इसलिए डॉ राजकुमार सांगवान की जीत ऐतिहासिक होगी। इस अवसर पर चौभली, रोहटा, बडौत आदि में युवा नेता की बातों को ध्यान से सुना गया तथा रालोद को वोट करने का आश्वासन दिया।

# जनपदीय गौरव :इंटर बोर्ड परीक्षा में श्रीराम इंटर कॉलेज के छात्र विशुल चौधरी ने यूपी में पाया दूसरा स्थान

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**

**बडौत।** 97.6 प्रतिशत के साथ प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर श्रीराम इंटर कॉलेज के विशुल चौधरी के माध्यम से जनपद हुआ गौरवान्वित। विद्यालय में जश्न का माहौल, ढोल नगाड़े और मिठाई खिलाकर तथा विशुल चौधरी का जोरदार अभिनंदन और साथियों द्वारा माल्यार्पण कर किया जोरदार स्वागत किया।



श्रीराम इंटर कॉलेज के छात्र विशुल चौधरी ने गहन अध्ययन करते हुए यह मुकाम हासिल किया तथा इसके लिए अपने गुरुजनों व माता पिता का विशेष आभार व्यक्त किया, जिनकी प्रेरणा और निर्देशन पर उसे गर्व है। कहा कि, विद्यालय के डायरेक्टर उपेंद्र चौधरी द्वारा संस्कार, धर्म व संस्कृति की शिक्षा के साथ ही जीवन में उनका सम्मान करते हुए व्यवहार की प्रेरणा दी गई तथा अध्ययन को सफलता का मूलमंत्र बताया, यही कारण है कि, उन्हें संतोषजनक सफलता मिली है। शिक्षकों का विशेष आभार करते हुए कहा कि, योग्य अनुभवी तथा विषय के सरलता पूर्वक प्रस्तुतिकरण की शैली हर किसी को मनमाफिक सफलता दिलाने वाली सिद्ध हुई है।